# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1461 /2026 दिनांक : 20 /05/2026

सेवा में,

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम (Summer Internship Programme–2026) हेतु विधि छात्रों से आवेदन आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के पत्र संख्या 327/डीएलएसए/2026–27 दिनांक 20.05.2026 के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद आगरा के विधि छात्रों हेतु "Summer Internship Programme–2026" आयोजित किया जा रहा है।

उक्त इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक एवं विधिक व्यवस्था, निःशुल्क विधिक सहायता प्रणाली तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यावहारिक कार्यों से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को विधिक सेवा संस्थाओं के कार्यों को निकट से समझने एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। महाविद्यालय में अध्ययनरत इच्छुक एवं पात्र विधि छात्र–छात्राओं से अपेक्षित है कि वे निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन–पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य स्तर से संस्तुत कराकर दिनांक 25.05.2026 तक निम्न माध्यमों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा को प्रेषित करना सुनिश्चित करें–

ई–मेल : dcagra@allahabadhighcourt-in
रजिस्टर्ड डाक द्वारा, व्यक्तिगत रूप से कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा में जमा कर सकते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए इच्छुक छात्रों के आवेदन समयान्तर्गत संस्तुति सहित अग्रसारित किये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. पंकज कुमार–प्रथम, सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा।
2. समन्वयक विधि, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त से विधि पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Afflsvlett

## DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY

.........................(Name of the District)

## INTERNSHIP APPLICATION FORM II 2026

| | |
|---|---|
| Name | |
| Mother's Name | |
| Father's Name | |
| Date of Birth | |
| Name of Institution | |
| Course | |
| Year/Semester(Supported by Mark Sheet / Certificate) | |
| E-mail Address | |
| Mobile No & WhatsApp Number | |
| Permanent Address | |
| Local Address with Guardian's Name & Contact No. | |
| Any Experience of participation in Legal Aid/ Awareness/ Literacy Programme (Provide Details)* | |
| Other Academics related Extra Curricular Activities* | |
| Recommending Authority | |

Dated:

Place: Signature of the Candidate

*Enclose all documents in support

Generated by ONEPLUS AI

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner